e-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं० सं०** : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे0 (संविदा नियोजन–BCECEB)– 06/2024 12606

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह, भा0प्र0से0**
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
दरभंगा/समस्तीपुर/मधुबनी/सारण/गोपालगंज/
मुजफ्फरपुर/वैशाली/पूर्वी चम्पारण/भागलपुर/सिवान

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
बेगूसराय/लखीसराय/खगड़िया/शेखपुरा/
बांका/जमुई/मुंगेर/सीतामढ़ी/शिवहर/सुपौल/
मधेपुरा/किशनगंज/पूर्णियाँ/कटिहार/अररिया/
पश्चिमी चम्पारण/सहरसा

पटना, दिनांक :- 27/06/2024

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत नवनियोजित संविदा कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान की प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक– 12433 दिनांक 12.06.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ किया जाय। प्रसांगिक पत्र के माध्यम से बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत नवनियोजित संविदा कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान की प्रक्रिया/मार्गदर्शन से अवगत कराया गया है। ज्ञातव्य हो कि इस योजना के अन्तर्गत नवचयनित संविदा कर्मियों को जिला/बन्दोबस्त कार्यालय आवंटित किया जा चुका है (प्रतिवेदन संलग्न)। पूर्व में इस योजना के अन्तर्गत नवचयनित संविदा कर्मियों यथा– विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं लिपिक का योगदान जिला/बन्दोबस्त कार्यालय स्तर पर प्राप्त करने का निर्णय लिया गया था। वर्तमान में उच्चस्तीय निदेश के आलोक में इस योजना के अन्तर्गत सभी प्रकार के पदों यथा– **विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन** के पद पर नव चयनित संविदा कर्मियों का योगदान जिला/बन्दोबस्त कार्यालय स्तर पर प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है। योगदान प्राप्त करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से निर्गत मार्गदर्शन के आलोक में ही किया जाना है।

इस योजना के अन्तर्गत पटना एवं मगध प्रमंडल के जिलों को छोड़कर शेष सभी प्रमंडलों के सभी जिलों के लिए नवचयनित संविदा कर्मियों के नियोजन पत्र वितरण का कार्य दिनांक 03.07.2024 को प्रातः 08.00 बजे से संबंधित जिला के बन्दोबस्त कार्यालय में किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी सूचना दिनांक 27.06.2024 को समाचार पत्रों के माध्यम से भी प्रकाशित की गई है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत उक्त वर्णित सभी प्रकार के पदों पर नवचयनित संविदा कर्मियों के लिए जिलावार–पदवार नियोजन पत्र (Appointment Letter) की हार्ड प्रति मुद्रित (प्रिन्ट) कर संधारित किया गया है, जिसे संबंधित जिला/बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा वितरित किया जायेगा तथा नव चयनित संविदा कर्मियों का योगदान पूर्व निर्गत मागदर्शन द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में प्राप्त किया जायेगा।

अतएव भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर पर संधारित जिलावार–पदवार नवचयनित संविदा कर्मियों के नियोजन पत्र (Appointment Letter) की हार्ड प्रति को प्राप्त करने हेतु **सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)** को प्राधिकृत करते हुए, इसके उठाव कार्य में सुविधा हेतु आवश्यक सामग्री के साथ दिनांक 29.06.2024 (शनिवार) तक प्राप्त करना सुनिश्चित कर लिया जाय। साथ ही नियोजन पत्र वितरण हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 03.07.2024 के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियाँ करना सुनिश्चित कर लिया जाए।

कृपया इसे शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन

27/6/2024

**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे0 (संविदा नियोजन–BCECEB)– 06/2024 12606 **पटना, दिनांक** 27/06/2024

**प्रतिलिपि** : सभी प्रभारी पदाधिकारी (बन्दोबस्त)/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/6/2024

**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे0 (संविदा नियोजन–BCECEB)– 06/2024 12606 **पटना, दिनांक** 27/06/2024

**प्रतिलिपि** : सभी जिला पदाधिकारी/समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/6/2024

**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे0 (संविदा नियोजन–BCECEB)– 06/2024 12606 **पटना, दिनांक** : 27/06/2024

**प्रतिलिपि** : सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/6/2024

**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे0 (संविदा नियोजन–BCECEB)– 06/2024 12606 **पटना, दिनांक** : 27/06/2024

**प्रतिलिपि** : श्री पंकज कुमार, अनुदेशक/श्री राजेश कुमार सिंह, अनुदेशक/श्री अशोक कुमार शर्मा, अनुदेशक/श्रीमती पल्लवी कुमारी, स0ब0प0/श्री नागेन्द्र कुमार, स0ब0प0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि निदेशालय स्तर पर मुद्रित (प्रिन्ट) नियोजन पत्र को अपने देख–रेख में संबंधित जिला/बन्दोबस्त कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए, प्राप्तियाँ (Receiving) संधारित कराना सुनिश्चित करेंगे।

27/6/2024

**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग